>

Title : Need to sanction the construction of a dam on river Ghaghra, in Faizabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री मित्रसेन यादव (फ़ैज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदय, अयोध्या फैजाबाद, उ0प्र0 एक राष्ट्रीय धार्मिक तीर्थस्थल है, जो घाघरा नदी के किनारे स्थित है। घाघरा नदी प्रतिवर्ष अपनी विनाशलीला से करोडों की क्षति एवं लाखों जनजीवन को तबाह और बर्बाद करती है। अयोध्या से बिल्हर घाट दशरथ समाधि तक जो बन्धा बनाया गया है, उससे बड़े पैमाने पर धन जन की क्षति होने से बचाया जाता है, उसी प्रकार से हम बन्धे को दशरथ समाधि बिल्हर घाट से दिलासीगंज तक यदि बना दिया जाये तो लाखों लोगों को आवागमन की सुविधा तथा उनको घाघरा नदी के भीषण बाढ़ से बचाया जा सकता है और करोड़ों रूपये की राष्ट्रीय क्षति को सुरक्षित कर बदले में बाढ़ पीड़ितों को जो राहत के नाम पर सहायता राशि वितरण की जाती है, उससे निजात मिल सकती है।

इसलिए इस बन्धे का निर्माण आवागमन के दृष्टिकोण से और घाघरा नदी की बाढ़ विनाशलीला से लाखों लोगों को और करोड़ों की सम्पति को बर्बादी से बचाया जा सकता है।

हमारी भारत सरकार से मांग है कि इस महत्वपूर्ण बांध को बनाने की स्वीकृति प्रदान की जाये।